भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2910
उत्तर देने की तारीख 11 मार्च, 2020

किसानों के लिए सूचना

2910. श्री रमेश बिन्दः
क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पूरे देश के सभी गांवों में किसानों को कृषि क्षेत्र से संबंधित जानकारी प्रदान करने और उन्हें इस क्षेत्र से संबंधित नवीन विकास व घटनाक्रम के बारे में अद्यतन सूचना से अवगत रखने के लिए इंटरनेट और वाई-फाई की सुविधाएं प्रदान की हैं; और
(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या उपाय/कार्रवाई की गई है?

उत्तर
संचार, मानव संसाधन विकास तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
(श्री संजय धोत्रे)

(क) और (ख) वर्तमान में मोबाइल बेतार प्रौद्योगिकियों के माध्यम से इंटरनेट उपलब्ध कराया जा रहा है, जो देश की 95 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या को कवर करता है। वर्ष 2019 में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) से एकत्रित किए गए डाटा के अनुसार, यह अनुमान लगाया गया है कि देश में ग्राम पंचायतों (जनगणना, 2011 के अनुसार) सहित कुल 5,97,618 बसे हुए गांवों में से 5,69,897 गांवों को मोबाइल सेवाओं द्वारा कवर किया गया है। दूरसंचार सेवा प्रदाता और सरकार द्वारा चरणबद्ध रूप में शेष गांवों में मोबाइल कवरेज उपलब्ध कराई जा रही है।
देश में लगभग सभी 2,50,000 ग्राम पंचायतों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए भारतनेट परियोजना को चरणबद्ध रूप में कार्यान्वित किया जा रहा है। दिनांक 28.02.2020 की स्थिति के अनुसार 4,24,299 कि.मी. ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) बिछाकर, कुल 1,50,029 ग्राम पंचायतों को जोड़ा गया है, जिनमें से 1,34,906 ग्राम पंचायतों को सेवा के लिए तैयार किया गया है। इसके अलावा, 1787 ग्राम पंचायतों को सैटेलाइट मीडिया के माध्यम से कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई गई है। कुल 1,36,693 ग्राम पंचायतों को सेवा के लिए तैयार किया गया है।

भारतनेट परियोजना के अनुसार, वाई-फाई या अन्य किसी उपयुक्त ब्रॉडबैंड अभिगम प्रौद्योगिकी के माध्यम से सभी ग्राम पंचायतों में लास्ट माइल कनेक्टिविटी (अंतिम छोर तक की कनेक्टिविटी) उपलब्ध कराई जानी है। भारतनेट चरण-। की लगभग 1.23 लाख ग्राम पंचायतों में वाई-फाई सेवाएं शुरू करने का कार्य राजस्थान सरकार, भारतीय सीएससी ई-गवर्नेंस सेवा लिमिटेड (इलैक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत विशेष उद्देश्य साधन) इत्यादि को दिया गया है। भारतनेट चरण-।। की 1407 ग्राम पंचायतों में वाई-फाई सेवाओं सहित सैटेलाइट मीडिया पर कनेक्टिविटी शुरू करने का कार्य बीएसएनएल को सौंपा गया है। फरवरी 2020 तक की स्थिति के अनुसार 45769 ग्राम पंचायतों में वाई-फाई हॉटस्पॉट स्थापित कर दिए गए हैं और उनमें से 18,683 ग्राम पंचायतों में सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उपर्युक्त उल्लिखित पहलों के अंतर्गत, उपलब्ध कराई गई ब्रॉडबैंड/इंटरनेट कनेक्टिविटी का उपयोग किसानों को कृषि क्षेत्र से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने और इस क्षेत्र से संबंधित नवीन विकासों के बारे में उनको अद्यतन करने के लिए किया जा सकता है।

*****